दिनांक :18.05.2025　　　　　　　　　　　समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

समाचार

नर्मदा द्वार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल जिले के नर्मदापुरम मार्ग स्थित समरधा में 'नर्मदा द्वार' के भूमिपूजन किया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि अब समय है कि नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत राजा भोज सहित महान विभूतियों को पाठ्यक्रम में शामिल कर हम इतिहास को जीवंत बनाएंगे। इसी संकल्प के साथ भोपाल के समरधा में 'भोज–नर्मदा द्वार' का निर्माण किया गया है, जो संस्कृति, आस्था और स्वाभिमान का प्रतीक बनेगा।

वहीं कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से नीमच में स्थापित 10 मेगावॉट क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण किया।

विश्व संग्रहालय दिवस

आज अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज राज्य संग्रहालय, भोपाल में इमर्सिव एक्सपीरियंस सेंटर का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों की पुरातात्विक धरोहरों पर आधारित पुस्तकों का विमोचन किया।

इंदौर के केन्द्रीय संग्रहालय में छायाचित्र प्रदर्शनी, म्यूजियम वॉक व संग्रहालय के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ठजनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। **जबलपुर** में रानी दुर्गावती संग्रहालय में आज सात दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा किया गया।

राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा

हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और देशभक्ति से बढ़कर कुछ नहीं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने इस बात को साबित भी किया है। अब आकाशवाणी भोपाल आपको मौका दे रहा है अपनी देशभक्ति की भावनाओं

को जाहिर करने का...। प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा नाम से एक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आप अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे व्हाट्एप नंबर 94065–23035 पर अपने नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे। नंबर एक बार फिर सुन लीजिए 94065–23035

मौसम

प्रदेश में कहीं तेज धूप तो कहीं बारिश का दौर जारी है। प्रदेश में अगले 4 दिन यानी 21 मई तक दिन में लू चलेगी, जबकि रातें भी गर्म रहेंगी। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत प्रदेश के अधिकांश हिस्से में तेज आंधी और बारिश का दौर भी रह सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम इन दिनों एक्टिव है। इनका असर प्रदेश में भी देखने को मिल रहा है। आज ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, गुना, अशोकनगर में हीट वेव यानी, गर्म हवाएं चल सकती है। जबकि झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में तेज आंधी के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

तिरंगा यात्राएं–प्रदेश

भारतीय सेना द्वारा आतंकियों के विरूद्ध ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए कल रीवा में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। शहडोल, अनूपपुर, नरसिंहपुर, छतरपुर में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई ।

संक्षिप्त समाचार

1. देव ऋषि नारद जयंती के अवसर पर धार में राष्ट्रहित के विमर्श में पत्रकारिता का योगदान विषय पर व्याख्यान हुआ ।
2. कटनी में उद्योगों के विस्तार और कार्यपद्धति में सुधार के लिये कार्यशाला का आयोजन किया गया।
3. शिवपुरी जिले में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के

नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया।

4. जबलपुर में लोगों को स्वास्थ्य और टैक्स के प्रति जागरूक करने साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

5. नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा के शासकीय महाविद्यालयों में कल राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में जल संवर्धन विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

नमस्कार